
गाँधी रिसर्च फाउण्डेशन

• सत्य • अहिंसा • शांती

"सच्चा सेवक ही सही मायने में सच्चा नायक है।"

– महात्मा गाँधी



गाँधी रिसर्च फाउण्डेशन द्वारा आयोजित नेशनल गाँधीयन लीडरशिप कैंप – यह 12 दिनों का (10 से 21 नवम्बर, 2024 तक) एक नेतृत्व क्षमता निर्माण के लिए किया जाने वाला युवा शिविर है। खास तौर पर उनमें आने वाले सहभागी (22 से 30 वर्ष की आयु) एनसीसी, एनएसएस, एनवायके, छात्रसंघ, महाविद्यालय के छात्र, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ता तथा प्रादेशिक स्तर पर युवा विंग को संभालने वाले कार्यकर्ता व छात्र हो सकते हैं। शिविर में भारत के विभिन्न राज्यों से 50 सहभागियों को सम्मिलित किया जाएगा।

# नेशनल गाँधीयन लीडरशिप कैंप 2024

## गाँधी रिसर्च फाउण्डेशन

*• सत्य • अहिंसा • शांती*

गाँधी रिसर्च फाउण्डेशन, जलगांव, महाराष्ट्र स्थित एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है। यह संस्था नई पीढ़ी को अहिंसा, सहअस्तित्व, संरक्षण और सर्व जीव की ओर प्रेमबल की संस्कृति से संवारने की कोशिश में निष्ठा से जुटी हुई है। इस ध्येय की प्राप्ति के लिए हम विविध गतिविधियों को स्थानीय और वैश्विक स्तर पर चलाते हैं, उदाहरणतः विभिन्न अभ्यासक्रम, अनुसंधान, कार्यक्षेत्र में तालीम, ग्राम विकास के प्रयास और ऐसे ही कई समुदाय उत्थान के कार्य। फाउण्डेशन द्वारा निर्मित 'खोज गाँधीजी की' यह संग्रहालय गाँधीजी के जीवन-कार्यों को अभिनव तरीकों से दर्शाता विश्व का सबसे पहला ऑडियो गाइडेड व मल्टीमीडिया संग्रहालय है।



# नेशनल गाँधीयन लीडरशिप कैंप 2024








## शिविर उद्देश्य

- मौजूदा राजकीय संदर्भ में गाँधीजी के विचारों की प्रासंगिकता के आधार पर नेतृत्व का निर्माण
- व्यक्तित्व निर्माण से समाज निर्माण, चरित्र निर्माण से राष्ट्र निर्माण
- पर्यावरणीय व विकास आधारित नेतृत्व का निर्माण
- युवाओं को प्रेरित कर अहिंसक जीवनशैली आधारित समाज का निर्माण
- लोक प्रशासन व लोकनीति आधारित नेतृत्व का निर्माण, संगठन की भावना का निर्माण
- युवाओं की प्रभावपूर्ण भागीदारी व शासन प्रक्रिया में उनके नेतृत्व का निर्माण




## कार्यप्रणाली

- क्षेत्रकार्य मुलाकात
- रोल प्ले
- सामुदायिक संवाद
- ग्रामीण जीवनशैली अनुभव
- प्रशिक्षण / कार्यशाला
- समूह कार्य
- व्याख्यान
- मुसाफरी
- सांस्कृतिक कार्यक्रम
- कम्यूनिकेशन
- विभिन्न प्रकार के मीडिया

## फैकल्टी

शिविर का नेतृत्व प्रतिष्ठित और अनुभवी विशेषज्ञों, प्रमुख गांधीवादी विचारकों, वैज्ञानिकों, शिक्षाविद्, रचनात्मक कार्यकर्ताओं के एक पैनल द्वारा किया जाएगा।

## शिविरार्थी के अभिप्राय

विभिन्न प्रादेशिक स्तर से आए हुए लोगों के सांस्कृतिक मूल्यों का परिचय मिला। मेरी क्षमताओं को विस्तृत करने के लिए मौका प्राप्त हुआ। मैं संतुष्ट हूँ की मैं मुझे प्रेरणादायी अनुभवों की अनुभूति हुई।

- **प्रत्यय मलकार,** कलकत्ता

मुझे अपनी नेतृत्व क्षमता के विकास में मदद मिली और इस कैंप ने मेरी सोच में बदलाव करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। भविष्य में सकारात्मक बदलाव के लिए कटिबद्ध रहूंगा और यह मंच ने बृहत युवाओं के नेटवर्क के साथ जोड़ दिया।

- **अंशुकुमार,** हैदराबाद

मेरे अपने विचारों को बल मिला और मैं शिक्षा की नई पद्धति को समझ पाई।

- **अमृता मिंज,** झारखंड

शाश्वत विचारों की गहराई प्राप्त हुई, राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा नेटवर्क बनाने में सहायक और भविष्य के लिये उपयोगी।

- **मनकला लिंबु,** नेपाल

आज के युग में गांधी के विचारों के मार्ग से समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। इस दिशा में प्रभावी नेतृत्व की झलक इस शिविर से मिली।

- **मोहन दीक्षित,** मध्य प्रदेश









# नेशनल गाँधीयन लीडरशिप कैंप 2024

फाउण्डेशन शिविरार्थी के खानपान एवं रहने का इंतज़ाम करेगा, शिविरार्थी को स्वयं अपनी यात्रा के आवागमन करनी होगी।

इस शिविर में हिस्सा लेने के लिए कृपया नीचे दिए गए लिंक के जरिए अपना नामांकन भेजे।

Link: https://forms.gle/8jpGFdk6KEYC2qnx9

आपका नामांकन प्राप्त होने के बाद, फाउण्डेशन द्वारा आपको पुष्टीकरण (confirmation) इमेल भेजा जाएगा, पुष्टीकरण के साथ आपको फाउण्डेशन की बैंक खाते की जानकारी भेजी जाएगी। जिस पर आप अप्रतिदेय (non-refundable) शिविर शुल्क ₹ 1,500/- जमा करना है।

**शिविर शुल्क:** ₹ 1,500/- प्रति उम्मीदवार

## महत्वपूर्ण तिथियां

- पंजीकरण की अंतिम तिथि : **20 सितम्बर 2024**
- पुष्टीकरण प्राप्त होते ही राशि जमा करने की अंतिम तिथि : **30 सितम्बर 2024**

*शिविर में किसी भी परिवर्तन का अधिकार गांधी रिसर्च फाउण्डेशन के पास बरकरार है।*

## शिविर स्थल :

**जैन फार्म, वाकोद** (वाकोद गाँव जलगांव से 50 किमी की दूरी पर औरंगाबाद रोड पर स्थित है)।











अधिक जानकारी के लिए


**गाँधी रिसर्च फाउण्डेशन**

• सत्य • अहिंसा • शांती

गाँधी तीर्थ, जैन हिल्स, जलगांव - 425001 (महाराष्ट्र) भारत;

मोबाइल: 9404955272, 9415370625; फोन: 0257-2264803;

ई-मेल: academics@gandhifoundation.net; वेबसाईट: www.gandhifoundation.net